# इन्वेस्ट यूपी का ऑफिस देश की तीन मेट्रो सिटी में बनेगा

लखनऊ। प्रदेश सरकार निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए नई रणनीति पर विचार कर रही है। इसके तहत देश के तीन मेट्रो शहरों नई दिल्ली, मुंबई और बंगलूरु में इन्वेस्ट यूपी के ऑफिस की स्थापना की जाएगी। इसका उद्देश्य निवेशकों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना, उनके प्रश्नों का समाधान करना और प्रदेश की निवेश नीति तथा उपलब्धियों को प्रस्तुत करना है।

देश के इन तीन शहरों में इन्वेस्ट यूपी का ऑफिस स्थापित कर एक ऐसा नेटवर्क बनाया जाएगा, जिससे प्रदेश को निवेशकों के लिए और भी अधिक सुलभ तथा आकर्षक बनाया जा सके। इससे न केवल निवेश बढ़ेगा, बल्कि लाखों रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में उच्च स्तरीय बैठक में कहा था कि देश के विभिन्न शहरों में इन्वेस्ट यूपी के ऑफिस स्थापित करने का उद्देश्य

## निवेश को लेकर सरकार की नीति और निवेशकों की समस्याओं का होगा समाधान

प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देना है। नई दिल्ली में इन्वेस्ट यूपी का कार्यालय केंद्र सरकार, विदेशी दूतावासों, उद्योग संगठनों तथा निवेशकों के लिए एक सशक्त संपर्क केंद्र बनेगा। वहीं मुंबई का कार्यालय वित्तीय संस्थानों, बहुराष्ट्रीय कंपनियों और निजी निवेशकों को प्रदेश की परियोजनाओं से जोड़ने का काम करेगा। साथ ही बेंगलुरु का कार्यालय टेक्नोलॉजी से संबंधित कंपनियों, स्टार्टअप्स और नवाचार के क्षेत्र में कार्यरत निवेशकों को आकर्षित करेगा। इन कार्यालय की स्थापना से प्रदेश में निवेश की बढ़ती प्रवृत्तियों के साथ-साथ नॉलेज आधारित उद्योगों का विस्तार होगा। जो प्रदेश को देश में औद्योगिक रूप से आत्मनिर्भर बनाएगा। ब्यूरो